Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 22-11-2022 | अंक 408

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में महिला घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत मलकोको पंचायत के पडरिया निवासी सावित्री देवी उम्र 60 वर्ष पति भुनेश्वर रवानी जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### मुखिया संघ ने नए इंस्पेक्टर का स्वागत किया



बड़कागांव : प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष मुखिया रंजीत कुमार के नेतृत्व में मुखिया संघ ने बड़कागांव के नये सर्किल इंस्पेक्टर नीरज सिंह को माला पहना कर एवं श०ल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। वही पुराने इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह को भी माला पहनाकर एवं शॉल ओढाकर विदाई दी गई। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अध्यक्ष रंजीत कुमार मध्य पंचायत मुखिया मोहम्मद तकरीमुउल्ला ,पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर,,तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, प्रतिनिधि संजय महतो, सांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो , सिरमा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद आसींन उपस्थित थे।

APEM LIVE

# पूर्व सीएम रघुवर दास एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बरही चौक पर हुआ जोरदार स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का बरकट्ठा जाने के क्रम में बरही चौक पर पूर्व विधायक के नेतृत्व में जोरदार स्वागत हुआ। बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने उन्हें फूल (गुलाब) और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उसके बाद बारी बारी से दर्जनों भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर दोनो का स्वागत किया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रघुवर दास जिंदाबाद, अन्नपूर्णा देवी जिंदाबाद एवं मनोज यादव जिंदाबाद के नारे लगाए गए।



रघुवर दास एवं अन्नपूर्णा देवी का स्वागत करते भाजपाई

इस दौरान रघुवर दास ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय लिया। साथ ही वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की आज झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। जनता त्राहिमाम कर रही है। भाजपा ही जनता को निजात दिला सकती है। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के अलावा जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, सांसद प्रतिनिधि बंधन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता डोमन पांडेय, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, बरही पश्चिमी मुखिया शमशेर आलम, हरेंद्र गोप, विपिन सिन्हा, विक्की सिंह, नागेश्वर रजक, सोनू यादव, संतोष निषाद, राजकुमार केशरी, मनोज राणा, सचिन यादव सहित दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

# ग्राहक कभी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते की गोपनीय जानकारी नही दें : धर्मवीर प्रजापति

## यूको बैंक बरही में आर बी आई की ग्राहक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया समय-समय पर बैंक ग्राहकों को जागरूक करने के उद्देश्य जागरूकता कार्यक्रम चलाते रहती है। इसी क्रम में 1 नवंबर से 30 नवंबर तक जागरूकता सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार सभी सरकारी एवं गैर सरकारी बैंकों के द्वारा ग्राहकों को उनके बैंकिंग अधिकार की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को गया रोड स्थित यूको बैंक में ग्राहक सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक धर्मवीर प्रजापति ने ग्राहकों को बैंकिंग फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी की जानकारी देते हुए बताया की ग्राहक कभी भी किसी को भी अपना बैंक खाते की जानकारी नहीं दे। उन्होंने बताया की ग्राहक को कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को न तो एटीएम नंबर, ना ही एटीएम पिन नंबर ना ही एटीएम का ओटीपी नंबर बताना चाहिए ।क्योंकि ऐसा बताने पर आपकी बैंक खाते से आपकी जमा राशि धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा निकासी कर ली जा सकती है। शाखा प्रबंधक श्री प्रजापति ने जागरूक करते हुए बताया कि यदि आपके साथ धोखाधड़ी होती है तो आपको तत्काल इसकी शिकायत संबंधित बैंक से करनी चाहिए। एक समय सीमा के अंदर शिकायत करने पर आप से की गई धोखाधड़ी का निवारण आसानी से किया जा सकता है। लेकिन यदि आप खुद देरी करते हैं तो इसके लिए ग्राहक खुद जिम्मेवार होंगे। आरबीआई के अनुसार यदि 90 दिनों के अंदर आपकी शिकायत का निवारण नहीं होता है तो आप आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल से शिकायत कर सकते हैं। सहायक प्रबंधक अमृत विमल एक्का ने बताया की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की गाइड लाइन के अनुसार यदि आपके साथ फ्र०ड हो जाता है तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है । बल्कि संबंधित बैंक से पूरी जानकारी प्राप्त कर नियमानुसार शिकायत करनी चाहिए। कभी भी आपको वैसे प्लेटफार्म से बैंकिंग कारोबार नहीं करनी चाहिए जो आरबीआई से सत्यापित नहीं है । इसके अलावा ग्राहक को बिना सत्यापित ऑनलाइन प्लेटफ०र्म से लेनदेन से भी बचने चाहिए। कैशियर आशीष कुमार दुबे ने बताया कि आरबीआई कभी भी बैंकिंग लेनदेन नहीं करती है। लेकिन फ्र०ड किस्म के लोग आरबीआई के नाम से ठगी एवं धोखाधड़ी कर रहे हैं। ऐसे फर्जी वेबसाइट एवं सूचना से बचने की जरूरत है। मौके पर बैंक शाखा प्रबंधक धर्मबीर प्रजापति, अमृत बिमल एक्का, आशीष कुमार दुबे, सुरेंद्र कुमार, सहदेव प्रसाद, आसिया प्रवीण, महेंद्र प्रसाद सहित कई ग्राहक मौजूद थे।




सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम में बैंक अधिकारी एवं ग्राहक

HOTEL आकाश पैलेस
Contact No.: 9122662308 6299699176
AC/Non AC, Rest & Marriage Hall
सागर टेन्ट हाउस

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 22-11-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## उपस्थिति को लेकर कस्तूरबा में अभिभावकों की बैठक संपन्न





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं को शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर बैठक हुई। बैठक में सभी छात्राओं के अभिभावक, मुखिया एवं प्रबंधन समिति के सदस्य भी मौजूद थे। शैक्षणिक विकास के लिए छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति, लर्निंग गैप को कम करना, बच्चों के सीखने की प्रगति पर जोर देना, व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की जानकारी देना और विद्यालय के विकास में माता पिता का सहयोग पर चर्चा हुई। वार्डेन नेहा कुमारी ने अभिभावकों से कहा की विद्यालय में नि. रंतर विकास के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। मुखिया मोतीलाल चौधरी ने कहा की बच्चो की शत प्रतिशत उपस्थिति में अभिभावक अपना सहयोग दे। बैठक में सभी शिक्षिकाओं ने अपनी कक्षा के छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति से अभिभावकों को अवगत कराया। बैठक में मुखिया मोतीलाल चौधरी, वार्डेन नेहा कुमारी, ज्योति वर्मा, सुषमा टोप्पो, अविनाश गौतम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, पिंकी कुमारी, संयुक्ता सिंह, पूनम कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गीता देवी, एसएमसी सदस्य जावेद आलम, सविता देवी, शीतल हंसदा, सिकंदर यादव, सुरेंद्र यादव, बाल सांसद की बच्चियां, रात्रि प्रहरी गणेश कुमार, पिंटू प्रजापति, सुरक्षा गार्ड रुक्मणि कुमारी, एवं संजू कुमारी सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## गौरियाकरमा : 150 गरीब नि :सहायों के बीच कंबल वितरण





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत गौरियाकरमा पंचायत में मंगलवार को बढ़ते ठंड को देखते हुए 150 गरीब वा असहायों के बीच कंबल वितरण किया गया। मौके पर मौजूद मुखिया प्रतिनिधि राजन कुमार ने कहा की गरीबों की सेवा ही भगवान की सच्ची पूजा है। लोगों से आसपास के गरीब एवं असहायों के मदद के लिए आगे आने का अपील किया। उन्होंने कहा की कई ऐसे लोग होते है जिनके पास ठंड में पहनने के लिए गर्म कपड़े नही होते है। वैसे लोगों के बीच कंबल वितरण कर मुझे काफी खुशी महसूस हो रही है। लाभुको में जीबलाल महतो, घमन साव, बिंदिया देवी, सुधा देवी, देवन्ती देवी, फगुनी देवी, मीना देवी, सीतवा देवी, अंगिरा देवी, भिखारी ठाकुर, तेजुमा खातून, सविजन खातून, सखिना खातून, हुलसी देवी, जगदीश महतो, बिमला मोसोमात, जसवा देवी, मीना देवी सहित सैकड़ों अन्य लोग शामिल है। मौके पर पंचायत सेवक खड़गधारी मेहता, संजय वर्मा, ललन चंद्रवंशी, जितेंद्र रजक, बीरेंद्र पांडेय, हेमंत चौधरी, मनोवर अंसारी, मनोज कुमार, सूरज विश्वकर्मा, सूरज मेहता, प्रकाश पंडित, बिनोद यादव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## अवैध अंग्रेजी शराब लदे 2 मोटरसाइकिल के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार





**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां थाना क्षेत्र ग्राम पचौड़ी के समीप सतगावां पुलिस ने मंगलवार की सुबह 6:30 बजे अवैध अंग्रेजी शराब लदे 2 मोटरसाइकिल के साथ 2 तस्कर को किया गिरफ्तार,अन्य तस्कर मोटरसाइकिल छोड़कर भागने में सफल रहे,वहीं सतगावां पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सौंपा दिया गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान बिहार राज्य के नवादा जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव के रौशन कुमार उम्र 18 वर्ष व सिकंदर कुमार उम्र 19वर्ष बताया गया है।साथ ही दूसरे मोटरसाइकिल पर 30 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त कर सतगावां थाना लाया गया वहीं दूसरे मोटरसाइकिल पर से शराब तस्कर भागने में सफल रहा थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई की गई है। गुप्त सूचना पर एक मोटरसाइकिल पर 2 व्यक्ति को सर्च के दौरान आईबी 750 एमएल के 9 बोत्तल व 375 एमएल के 9 बोत्तल शराब के साथ 2 युवक व एक मोटरसाइकिल पर 30 लीटर अवैध महुआ शराब सहित गिरफ्तार कर उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया गया थाना प्रभारी आनंद कुमार शाह ने बताया कि शराब को लेकर छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगी।

APEM LIVE

## राजपुर थाना क्षेत्र के दर्जनो जंगली क्षेत्र के गांवों पोस्ता की फसल लगाने की हो रही है तैयारी

### सैकड़ो एकड़ जंगली और रैयती जमीन को जोत कर किया जा रहा है तैयार

### जिला प्रशासन और प्रखण्ड और थाना प्रशासान का पोस्ता के खिलाफ जागरूकता का अफीम माफिया उड़ा रहे हैं धज्जि





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : जिला प्रशासन और प्रखण्ड,अंचल और थाना प्रशासान का अफीम पोस्ता के खिलाफ जागरूकता अभियान बेअसर दिख रहा है,अफीम माफिया सीधे तौर पर पुलिस प्रशासन के उस जागरूकता अभियान को धत्ता बता रहे हैं,जिसमे जिला प्रशासन के निर्देश पर थाना प्रशासान और अंचल प्रशासान तथा वन विभाग जो पोस्ता नहीं लगाने की लोगो को सौगन्ध खिला कर पोस्ता विरोधी अभियान का जागरूकता चला रही थी।प्रशासान के द्वारा भले ही दजनो गांवों में पोस्ता नहीं करने की सलाह ग्रामीणों को दी लेकिन उस सलाह का दजनो ऐसे गाँव हैं जहां विपरीत प्रभाव पड़ा।और लोग अभी भी खेती करने में पुनः उतारू हैं।बताते चलें कि राजपुर वन क्षेत्र के सैकड़ो एकड़ एवं अंचल क्षेत्र के सैकड़ो एकड़ जमीन पर पोस्ता लगाने की तैयारी जोरों पर चल रहा है।अफीम पोस्ता माफिया इतना थेथर हो चुके हैं कि पुलिस प्रशासन के लाख मनाही के बाद भी पोस्ता लगा रहे हैं मानो इन्हें प्रशासान की भय है ही नहीं।कुछ गांवों में तो पोस्ता लग लगाया भी जा चुका है।तुलबुल पंचायत के लारालुट्टूदाग गांव में जो लोग पोस्ता लगाए हैं उनमें एक से बात करने पर बताया कि हम लोग पूरा गांव जो खेती कर रहे हैं मिलकर वन विभाग पुलिस और पत्रकार को मैनेज कर लिए हैं तो आखिर पोस्ता की खेती क्यों नहीं करेंगे।

**इन गांवों में लगाया जा रहा है पोस्ता की फसल :** राजपुर वन क्षेत्र के लारा लुटुदाग ,बेंगोखुर्द, बेंगोकला रमखेता, कुराग, सहातू, रोपनी टांड़, हड़गड,बिर लुटुदाग, डुमरिया, कोटाप, हेमरा,अमकुदर के कुछ हिसा,सिकिद सहित अन्य ग्रामीण जंगल का नाम शामिल है।

**जितनी बड़े पैमाने पर पहले होती थी खेती उसमें आया कमी :** पहले जितना बड़े पैमाने पर खेती होता था उसमें इस वर्ष कमी आया है।चुकी चतरा के तेज तर्रार आरक्षी अधीक्षक ने राजपुर थाना क्षेत्र के गड़िया के धवाईया गांव में पुलिस पिकेट हो गया।जिसके कारण पथेल, के आठ टोला,धवाईया,गड़िया,आदि गांवों में जो बड़े पैमाने पर खेती होती थी उसमें कमी आई है।हालांकि फिर भी माफिया कुछ क्षेत्रों में खेती कर रहे हैं।

## 18 वर्ष के नीचे उम्र के बच्चे नही चला सकते किसी तरह के वाहन : डीटीओ

### आरएनवाईएम कॉलेज में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमल किशोर एवं संचालन एच ओ डी अंग्रेजी अजय प्रताप सिंह ने की। इस कार्यक्रम में राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में संचालित एन एस एस एवं एनसीसी का भरपूर सहयोग रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग डीटीओ विजय कुमार मुख्य रूप से शामिल रहे। डीटीओ विजय कुमार ने सड़क सुरक्षा को लेकर बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बच्चो को जागरूक करते हुए कहा की हरेक बच्चों को परिवहन एक्ट की जानकारी होनी चाहिए। इसके अनुसार 18 वर्ष से नीचे उम्र वाले बच्चे किसी भी तरह के वाहन का परिचालन नही कर सकते। पकड़े जाने पर फाइन एवं सजा दोनो का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष से ऊपर के बच्चे यदि वाहन चलाते हैं तो उनके पास ड्राइवरी लाइसेंस होनी चाहिए। बिना हेलमेट का वाहन नही चलाना चाहिए। यह न केवल फाइन से बचने के लिए जरूरी है बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने ड्राइवरी लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में उन्होंने बच्चों से सवाल जवाब भी किए। परिवहन विभाग की पहल की सराहना करते हुए डॉ बिमल किशोर ने कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चो में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता आयेगी। सड़क नियम का पालन नही करने से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इस कार्यशाला में सड़क सुरक्षा को लेकर दी गई जानकारी को और लोगो तक प्रसा. रित करने की जरूरत है। शिक्षक प्रतिनिधि डॉ संजय वर्णवाल ने कहा की दुर्घटना का एक कारण तेजी से वाहन चलाना भी है। इस पर विराम लगनी चाहिए। बच्चों को इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए। मौके पर परिवहन विभाग से आए अतिथियों को बुके देकर प्राचार्य ने स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन भी प्राचार्य ने ही की। कार्यशाला को सफल बनाने में एनसीसी के पदाधिकारी डॉ अजय कुमार रंजन, सीटीयू बबीता कुमारी एवं एनएसएस के पदाधिकारी डॉ अरुणा रानी के संयुक्त सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर , डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ संजय बरनवाल, डॉक्टर ब्रह्मदेव मोदी, डॉक्टर संगीता चौधरी, प्रो हीरामन साहू ,डॉ कुमारी सुषमा , डॉक्टर बद्री साव, डॉक्टर अरुण कुमार रामानुज ,डॉक्टर अंजली कुसुम ओम, मोहम्मद अब्बास , डॉ अशोक , प्रोफेसर संजय , प्रोफ़ेसर जोगेश्वर यादव , बबीता कुमारी, सीमा सिन्हा , बसंत प्रसाद, दिनेश्वर प्रसाद यादव,नागेश्वर प्रसाद यादव, राजू यादव, महेंद्र ठाकुर, त्रिभुवन कुमार, दिनेश कुमार यादव, गामा कपरदार सहित सैकड़ों कॉलेज के विद्यार्थी मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भूतपूर्व विधायक की पुण्यतिथि मनाई गई

### शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अन्नपूर्णा देवी





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा चलकुशा प्रखण्ड के ग्राम चटकरी में बरकट्ठा के भूतपूर्व विधायक स्व चितरंजन यादव की 13वी पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव चटकरी मेँ मनाई गई । मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास व सांसद सह सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्व चितरंजन यादव की आदमकद चित्र पर माल्यार्पण किया आदिवासी समाज के मोर्चा कार्यकर्ताओ ने पारम्परिक लोकनृत्य से अतिथियों का स्वागत किया विशिष्ट अथिति के रूप में हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल, मांडू विधायक जयप्रकाश पटेल, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो उपस्थित थे अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि स्व चितरंजन यादव संघर्ष का दूसरा नाम था उनके पदचिन्हों पर चलकर विकास की गति देने की जिम्मेवारी विधायक अमित यादव पर है उन्होंने वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार विकास विरोधी है सिर्फ अपने स्वार्थ को लेकर राजनीति कर झारखंडी बेटों को छलने का काम किया है वही सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा की स्व चितरंजन यादव छात्र जीवन से ही नेतृत्व क्षमता थी उनके विधायकी काल मे बरकट्ठा विधानसभा का सर्वांगीण विकास हुआ है उनके पदचिन्हों पर चलना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी । मौके पर चल. कुशा व बरकट्ठा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का माला सामुहिक रूप से अतिथियों को पहनाया गया । विशिष्ट अतिथि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा स्व चितरंजन यादव अपने संघर्षो को लेकर मुखर थे साथ उनके बताए गए रास्तो पे चलकर आम लोगो के हितों की चिंता करने की जरूरत है । मौके पर स्व चितरंजन यादव के पुत्र बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व क्षेत्र के लिए 24 घण्टे उपलब्ध होने की बात दोहराई ।

उपस्थित आंगतुको व गणमान्य ग्रामीणों ने स्व चितरंजन यादव के छायाचित्र पर माल्यर्पण कर श्रद्धाजंली अर्पित की । मौके पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री बालमुकुंद सहाय, जीप उपाध्यक्ष हजारीबाग किशुन यादव, हजारीबाग नगर परिषद अध्यक्ष रौशनी तिर्की, बगोदर जीप सदस्य छोटेलाल यादव, बरकट्ठा जीप सदस्य कुमकुम देवी, जयनगर जीप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया गयपहाड़ी कलावती देवी, पूर्व मुखिया मुंशी पासवान, बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक रीतलाल प्रसाद, बेडोकला अध्यक्ष भोला प्रसाद, बिंदु सोनी,चलकुशा मंडल अशोक वर्णवाल सच्चिदानंद अग्रवाल, महामंत्री कोडरमा सुधीर सिंह, प्रमुख बरकट्ठा रेणु देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, दीपक सिंह,प्रो बीएनपी वर्णवाल, रमेशचंद्र यादव छोटेलाल प्रसाद, श्यामसुंदर यादव, महादेव यादव , विजय यादव,रवि कुमार, समन ठाकुर रामकिसुन महतो, शशिभूषण प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद यादव, इन्द्रदेव प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, प्रतुल चटर्जी, भरत यादव, अशोक यादव, सुरेँद्र पासवान शिवशंकर यादव,बलदेव यादव त्रिवेणी यादव, छोटीलाल प्रसाद, उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने बड़कागांव प्रखंड में सीओ पोस्टिंग करने की मांग की

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड मुख्यालय में नियमित रूप से अंचलाधिकारी के नहीं रहने के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय परिसर मे सोनू इराकी की अध्यक्षता में विशेष बैठक हुई। अंचल में अंचलाधिकारी पोस्टिंग नहीं होने के कारण हो रही परेशानियों पर चर्चा की गई एवं जल्द से जल्द बड़कागांव प्रखंड में अंचलाधिकारी की पोस्टिंग करने की मांग की गई है। सोनी इराकी ने कहा कि 6 महीने से अधिक समय से अब तक अंचलाधिकारी का पोस्टिंग नहीं हो पाया है। एक सप्ताह के अंदर सरकार अंचलाधिकारी की पोस्टिंग बड़कागांव में नहीं करती है तो हम ग्रामीण जनता प्रखंड मुख्यालय में ताला जड़ने के लिए बाध्य होंगे।बैठक में शामिल लोगों में मुख्य रूप से पंकज कुमार गुप्ता, पंचम कुमार प्रेम कुमार ,उमेश कुमार ,अरविंद कुमार कुशवाहा, मोहम्मद समसुल ,रधु तुरी, शेर मोहम्मद ,लखन कुमार , मोहम्मद मुस्ताक ,सिकंदर प्रसाद, मोहम्मद एहसान ,मोहम्मद निजा उल्लाह, मोहम्मद कयूम अंसारी ,परवेज आलम, कैलाश नाथ चौबे ,किशोर राणा, मोहम्मद ऐसाामुद्दीन आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा ने चुरचू कब्रिस्तान का लिया जायजा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : एनटीपीसी एवं इसकी सहायक कंपनी त्रिवेणी सैनिक के द्वारा चुरचू कब्रिस्तान को बिना ग्रामीणों के समर्थन प्राप्त किए ओबी मलबा ढके जाने को लेकर ग्रामीणों ने थाने में दिया आवेदन। मामले को लेकर पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासीन निशा कही कि कंपनी के द्वारा लोगों की भावनाओं को ध्यान में ना रखते हुए कब्रिस्तान एवं देव स्थलों को रात में डंपिंग कर दिया जा रहा है, जो कहीं ना कहीं ग्रामीणों की भावनाओं एवं आस्था को ठेस पहुंचाती है। कंपनी किसी भी धार्मिक स्थलों को डंप करने से पहले ग्रामीणों से वार्ता करें। लेकिन कंपनी अपने टारगेट को पूरा करने के लिए मनमाने ढंग से काम कर रही है, जो गलत है। एनटीपीसी के द्वारा डंपिंग के कारण लोगों की यादें एवं धरोहर मिट्ती जा रही है। कंपनी एक ही जगह पर अलग-अलग विस्थापन नीतियों का प्रयोग कर रही है। सरकार के द्वारा बनाए गए विस्थापन नीति को नजरअंदाज करते हुए कंपनी अपनी मनमानी नीति को लागू कर रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष ने इंस्पेक्टर नीरज सिंह स्वागत किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के नेतृत्व में बड़कागांव के नए सर्किल इंस्पेक्टर नीरज सिंह को माला पहनाकर एवं शॉल ओढाकर स्वागत किया गया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि बड़कागांव में अपराध पर अंकुश लगाना ही हमारा मकसद है। बहुत जल्द बड़कागांव ग्रामीणों के साथ समन्वय बैठक कर बड़कागांव की सड़क जाम से छुटकारा व शांति व्यवस्था बनाया जाएगा। इंस्पेक्टर नीरज कुमार सिंह 1994 बैच के हैं। हजारीबाग सदर से लेकर अब तक कई थानों में अपना योगदान चुके हैं। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि बड़कागांव की शांति व्यवस्था बनाने में आपका मदद हर संभव करूंगा। मौके पर एसआई अजीत कुमार, समाजसेवी रवि राम, विशाल ठाकुर, गोपाल महतो, विनय ठाकुर, मो जुगनू इत्यादि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने की बैठक लंबित प्रधानमंत्री आवास को शीघ्र पूरा कराने का दिया निर्देश। अन्यथा होगी करवाई

### प्रखंड में 2016 से लेकर अब तक कुल 422 प्रधानमंत्री आवास लंबित

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे की अध्यक्षता में लंबित प्रधानमंत्री आवास को लेकर विशेष बैठक हुई बैठक में मुखिया पंचायत सेवक रोजगार सेवक व पर्यवेक्षक उपस्थित थे। 2016 से लेकर 2022 तक प्रखंड के तमाम पंचायतों में लंबित 422 प्रधानमंत्री आवास पर विशेष चर्चा हुई एवं इसे शीघ्र पूरा करने के लिए लाभुकों पर विशेष जोड़ देने पर बल दिया गया ।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने लोगों से कहा कि 15 दिसंबर तक अधूरे मकान को पूरा कर लेने सख्त निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय पर जिन लाभुक का मकान पूर्ण नहीं होगा उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज ,बीपीओ हीरो महतो, प्रखंड समन्वयक रिंकू रवि, पंचायत सेवक विशेश्वर मेहता ,खुश नारायण मेहता, शंभू दास, जुगेश्वर कुमार, पंकज कुमार ,सुबोध सिंह, दशरथ कुमार ,राजू कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमुउल्लाह खान, गणेश साव, पारसनाथ प्रसाद , लीलावती कुमारी, अजीत कुमार ,गीता देवी, विमला देवी, भीखन महतो, सुनीता देवी, कविता देवी ,इलियास अंसारी, करम राम ,अनिकेत कुमार नायक, पूजा कुमारी, बासुदेव यादव, विगल चौधरी, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रमुख ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

### प्रमुख ने हॉस्पिटल की 88 लाख लागत राशि से हो रही मरमती कार्य में अनियमितता का लगाया आरोप

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



निरीक्षण करते प्रमुख फुलवा देवी एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर

बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा व्यवस्था एवं अस्पताल की मरम्मती कार्य को बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी एवं बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान किशोर एवं किशोरियों को बढ़ती अवस्था में बदलाव को लेकर दिए जा रहे प्रशिक्षण, प्रखंड के सहीया को दिए जा रहे कुष्ठ रोग की प्रशिक्षण एवं निशुल्क किए जा रहे बंध्याकरण अ०परेशन का भी जायजा लिया। बंध्याकरण के उपरांत लाभुकों को मिलने वाले लाभों से भी अवगत हुई।अस्पताल में भर्ती कुपोषित बच्चों की हाल चाल एवं कुपोषण को दूर करने को लेकर दिए जा रहे पोषाहार की जानकारी ली। मौके पर उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों को चिकित्सा से संबंधित कई निर्देश दिए। मिले शिकायत को बताते हुए सहिया के प्रशिक्षण एवं लाभुकों को दिए जाने वाले सहयोग राशि को जल्द से जल्द भुगतान करने की मांग की गई। इस दौरान प्रमुख ने ह०स्पिटल की 88 लाख रुपए लागत न्यू इंडिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा कराई जा रही मरमति कार्य को गंभीरता से लिया जिसमें भारी अनियमितता बरतने की बात कही प्रमुख ने बताया कि मरमती के नाम पर सिर्फ लीपापोती हो रही है। भवन की दीवार में बिना घिसाई किए मात्र एक लेयर पुटी चढ़ाई गई है, जबकि पुट्टी दीवार में 3 लेयर चढ़ाने के उपरांत घिसाई करने के बाद अस्तर और पेंट चढ़ाया जाता है। जल्द सुधार करें अन्यथा बाध्य होकर स्वास्थ्य सचिव झारखंड सरकार एवं हजारीबाग उपायुक्त से शिकायत करेंगे। उक्त मामले को लेकर संवेदक उज्जवल ने कहा कि नियम संगत कार्य किया जा रहा है। बड़कागांव चिकित्सा पदा. धिकारी के निगरानी में देखरेख में काम हो रहा है एशियन कंपनी का पुटी लगाया जा रहा है। बेहतर ढंग से काम किया जा रहा है। निरीक्षण के मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख फुलवा देवी, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीएन प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, आशीष वर्मा के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## नहीं रहे सनातन समाज के संरक्षक संत बालक पूरी शोक संवेदना का तांता

### सनातन समाज के विकास में उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता



संत बालक पूरी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



26/08/1950 को राजस्थान प्रांत में जन्मे सन्त बालकपूरी जी ने 22 अगस्त 2022 की रात्रि को अपना शरीर पूरा किया और इस संसार को छोड़कर परधाम को चले गए। बताते चलें कि उनकी शिक्षा दीक्षा राजस्थान प्रांत के निजी विद्यालय और महाविद्यालय में हुई। इन्होंने वहीं के विश्वविद्यालय से डबल एम ए की शिक्षा हासिल की। ये अपने पिता रामकृष्ण पूरी की इकलौते संतान थे। इनके पिता भारतीय सेना में कर्नल थे। बाल्यकाल से ही इनके मन में सनातन धर्म और संस्कृति के प्रति काफी प्रगाढ़ता थी।इन्होंने शिक्षा प्राप्ति के साथ साथ संयासी जीवन को अपनाया और अपने सन्यास ग्रहण के पश्चात पूरे देश के शक्तिपीठों और धर्म स्थलों का पैदल भ्रमण किया। इनके अंदर भाषा ज्ञान के साथ साथ धर्म और विथि का भी काफी ज्ञान था। देश भ्रमण के बाद बाबा बालकपूरी सन् 1995 में चौपारण प्रखंड में आये और हजारीबाग जिला के ही होकर रह गए। गंगा माता की प्रेरणा से चौपारण प्रखंड के लराही गांव में डैम के किनारे गंगा मंदिर की स्थापना की। लगभग 15 वर्ष तक उन्होंने चौपारण और बरही में धर्म का अलख जगाने का काम किया और लोगों में सनातन धर्म का भाव प्रगाढ़ किया। गौ माता की प्रेरणा से सन् 2012 में सनातन प्रेमियों को साथ लेकर चौपारण प्रखंड से गौरक्षा आंदोलन की शुरुआत की। लगभग दो वर्षों तक काफी सक्रियता के साथ गौरक्षा कार्य कर हजारों की संख्या में गौवंशीय जीवों को कसाई और तस्करों से बचाया। विश्व हिंदू परिषद की बा. गडोर भी इन्होंने संभाली और भारतीय गौवंश रक्षण एवं संवर्धन परिषद के हजारीबाग विभाग के विभाग प्रमुख भी रहे। इन्होंने विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग के प्रांत संरक्षक के रूप में भी समाज को सेवा दिया। ये जूना अखाड़े के नागा संयासी थे। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन समाज को समर्पित कर दिया और 22/11/2022 को सदर अस्पताल हजारीबाग में अंतिम सांस ली। बाबा के प्रति श्रद्धा भाव रखने वाले सैकड़ों धर्म प्रेमी इनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए

APEM LIVE

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में कल लगेगा आर्ट एंड क्राफ्ट मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



सचिव सिकंदर सोनी

बड़कागांव : ज्ञानोदय विकास स्कूल, बड़कागांव कल गुरुवार 24 नवंबर को विज्ञान प्रदर्शनी सह आर्ट मेला लगाया जाएगा। जिसकी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। मीडिया को जानकारी देते हुए विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने बताया की विज्ञान विषय को आमजन तक पहुंचाने तथा इसके दैनिक जीवन में उपयोग पर प्रकाश डालने की दृष्टि से विद्यालय में विज्ञान मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है, जीवन के प्रत्येक क्षण को स्पर्श करने वाले विषय विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जागृत हो तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित हो सके। विद्यालय के प्राचार्य रियासत हसन ने बताया कि बच्चों के द्वारा लगाए जाने वाला प्रदर्शनी विद्यार्थियों के अंदर छुपे अच्छे गुणों को बाहर निकालने का प्रयास है। इस तरह के आयोजित कार्यक्रम से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है तथा मानसिक व बौद्धिक विकास होता है। लगभग 200 से ज्यादा विद्यालय के बच्चे अपनी कला दिखाएंगे। जिसमे सीमेंट के खिलौने, लकड़ी की कलाकृतियां, पेंटिंग, पेपर आर्ट, गुल्लक, झूमर, फोटो फ्रेम, दर्पण, व०ल हैंगर, पेन स्टैंड, गुलदस्ता, जैसी कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। वही विज्ञान प्रदर्शनी में हाइड्रोलिक पावर प्लांट, लाईफाई, इलेक्ट्रिक घंटी, ज्वालामुखी, रोबोट, जेसीबी, सोलर लूनर एक्लिप्स, पर्यावरण जैसे म०डल प्रस्तुत करेंगे साथ ही फूड आइटम्स के भी स्ट०ल विद्यार्थियों के द्वारा लगाए जाएंगे।

## राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र फैजल को मिला कांस्य पदक

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कांस्य पदक के साथ फैजल

झारखंड राज्य जूडो संघ के तत्वधान में आरके आनंद लॉन बॉल स्टेडियम में 18 नवंबर से 20 नवंबर तक राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता में हजारीबाग जूडो टीम में बरही रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल से चयनित 3 खिलाड़ियों ने भाग लिया था । जिसमें 95 केजी भार में विद्यालय के फैजल खान को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि विद्यालय में 12 खेलों को प्राथमिकता दिया जाता है। जिसमें जूडो भी शामिल है । जूड़ो ओलंपिक खेल है और यह खेल सीबीएसई स्पोर्ट्स कैलेंडर में भी शामिल है। इस खेल में विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते हैं एवं स्पोर्ट्स कोटा से सरकारी नौकरी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय में वही खेल का प्रशिक्षण दिया जाता है जो ओलंपिक,खेलो इंडिया यूथ गेम, स्कूल गेम फे. डरेशन ऑफ इंडिया, सीबीएसई स्पोर्ट्स कैलेंडर में शामिल खेल है । 12 खेल के अलग-अलग कोच विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय में नियुक्त किए गए हैं। फैजल का जूडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर झारखंड जूडो संघ के अध्यक्ष केएन त्रिपाठी( पूर्व मंत्री) झारखंड सरकार एवं महासचिव प्रशिक्षित तिवारी,विद्यालय के खेल शिक्षक प्रिंस मिश्रा ने हार्दिक बधाई दी है । फैजल अपना जीत का श्रेय प्रधानाचार्य अनूप कुमार एवं अपने माता-पिता कोच प्रिंस कुमार मिश्रा को दिया हैं। स्कूल चेयरमैन एके.सिंह ने कहा कि विधार्थियों को पढ़ाई के साथ - साथ गतिविधि भी होनी अतिआवश्यक है । शिक्षक संजय रविदास, सुभाशीष पायने , शारोन, सिम्मी, पंकज, सुनील, पवन, प्रशांत, अलोक, मुजिबुर रहमान, इंदु, उषा,लक्ष्मी, पूजा, रीता, सूरज ठाकुर, शिव कुमार ने बधाई दी।

## पथ निर्माण कराने को लेकर पथ निर्माण विभाग के सचिव से विधायक अंबा प्रसाद ने की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




आवेदन सौपतें विधायक अंबा प्रसाद

बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने दिन सोमवार को पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार सिंह से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा । विधायक ने मुलाकात के दौरान विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंडों केरेडारी बड़कागांव एवं पतरातू में अधिक से अधिक सड़कों के निर्माण की स्वीकृति को लेकर अनुशंसा पत्र सौंपा एवं पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के जाल बिछाने की बात कही। विभागीय सचिव ने विधायक को आश्वस्त किया कि अधिक से अधिक सड़कों का निर्माण हो उसके लिए विभाग द्वारा प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि विधायक के द्वारा प्राप्त अनुशंसित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कई सड़कों का डीपीआर तैयार है एवं प्रशासनिक स्वीकृति हासिल होने के पश्चात इसमें अग्रिम कार्रवाई की जा सकेगी। उक्त आशय की जानकारी विधायक अंबा प्रसाद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।